प्रादेशिक समाचार
02.10.2023 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान और मध्य प्रदेश दौरे के क्रम में करोड़ों रूपये की कई विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास और उदघाटन।

2. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर झारखंड समेत देशभर में उन्हें दी गयी श्रद्धांजलि।

3. 15वीं राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में बोकारो इंडियन राउंड आर्चरी प्रतिस्पर्धा का ओवरऑल चैंपियन, रांची उपविजेता।

4. रांची समेत राज्य के ज्यादातर इलाकों में आज भी हुई झमाझम बारिश, जनजीवन प्रभावित, पांच अक्टूबर तक ज्यादातर इलाकों में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी।

*************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राजस्थान और मध्य प्रदेश दौरे के क्रम में करोड़ों रूपये की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन किया। श्री मोदी ने ग्वालियर में लगभग 19 हजार दो सौ साठ करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत को विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनाने का दायित्वन हम सभी का है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में लगभग सात हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और उनकी आधारशिला रखी। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि चित्तौड़गढ़ से शुरू की जा रही परियोजनाओं का राजस्थान के बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और शिक्षा पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ेगा और आम लोगों का जीवन और भी सुगम होगा।

*************************

आयुष्मान भव अभियान के अंतर्गत 50 हजार से अधिक लोगों ने अंग दान करने का संकल्प लिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पिछले महीने गुजरात के गांधीनगर से इस अभियान की शुरुआत की थी। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लोगों से अंगदान के लिए शपथ लेने का आग्रह किया है।

*************************

राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 154वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में राजघाट स्थित बापू की समाधि पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तथा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई राजनेताओं ने आज सुबह राजघाट पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। देश आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर याद कर रहा है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री समेत कई राजनेताओं ने राष्ट्रीय राजधानी में लाल बहादुर शास्त्री के स्मारक विजय घाट जाकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इधर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर भजन मंडली के कलाकारों ने बापू के प्रिय भजन और राम धुन प्रस्तुत किए।

*************************

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर आज आकाशवाणी रांची परिसर स्थित बापू की प्रतिमा पर केन्द्र के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजली दी। इस अवसर पर केन्द्र प्रमुख डीसी हेम्ब्रम और नोडल अधिकारी एपी सिंह समेत बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

*************************

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर झारखंड उच्च न्यायालय में आज सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा, न्यायमूर्ति रत्नाकर भेंगरा एवं न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने 30 सफाईकर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। उच्च न्यायालय के इन सफाईकर्मियों ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के दौरान कल आयोजित स्वैच्छिक श्रमदान के तहत हाईकोर्ट परिसर में विशेष सफाई अभियान में योगदान दिया था।

*************************

पूर्ण स्वच्छता के दृष्टिकोण के साथ आज से सरकारी कार्यालयों में विशेष स्वच्छता अभियान का तीसरा चरण चल रहा है। यह विशेष अभियान इस महीने की 31 तारीख तक जारी रहेगा। यह पिछले दो वर्षों में चलाए गए विशेष अभियानों की अगली कड़ी है।

*************************

पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अधीन गोवर्धन योजना अंतर्गत आज चाईबासा में गोबर गैस प्लांट का लोकार्पण किया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की योजना को चाईबासा गौशाला परिसर में स्थापित किया गया है। इस मौके पर उपायुक्त ने बताया कि गोबर गैस प्लांट से लाभुकों को हर महीने 500 से 1000 रुपए की बचत होगी।

*************************

पिछले तीन–चार दिनों से कोडरमा जिले में लगातार हो रही बारिश से जहां आम जनजीवन प्रभावित हुआ, वहीं लापरवाही और देखरेख के अभाव में पिपराडीह स्टेशन पर उतारी गई गेहूं की बोरियां पानी में भीग गई। इस मामले को लेकर विधायक डॉ नीरा यादव ने सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यह बात सिर्फ गेहूं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि मिड डे मील और स्कूली बच्चियों को बांटे जाने वाले साइकिल में भी सरकार इसी तरह की लापरवाही बरत रही है। उन्होंने इस मामले में दोषियो पर कार्रवाई की मांग की है।

*************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर जामताड़ा जिले के प्रत्येक पंचायतों में शिविर लगाकर ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड के लिए पंजीकृत किया जा रहा है। इस दौरान आयुष्मान कार्ड से चिकित्सा के साथ–साथ विभिन्न विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उसका लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को जागरूक एवं प्रेरित किया गया।

*************************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में ग्राम सभाओं को मजबूत करने की दिशा में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

*************************

हजारीबाग में आयोजित 15वीं राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के इंडियन राउंड में बोकारो ने ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। बोकारो ने बारह गोल्ड, चार सिल्वर और पांच ब्रांज मेडल के साथ पहला स्थान हासिल किया। वहीं रांची ने सात गोल्ड, नौ सिल्वर और छह ब्रांज मेडल लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि सरायकेला–खरसावां पांच गोल्ड, छह सिल्वर और तीन ब्रांज मेडल के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इधर जोन्हा की लक्ष्मी कुमारी ने पांच गोल्ड, पांच सिल्वर और एक ब्रांज मेडल के साथ सब जूनियर और मिनी के व्यक्तिगत स्पर्धा में ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में राज्यभर के करीब चार सौ पचास तीरंदाजों ने भाग लिया।

*************************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में आज भी झमाझम बारिश हुई। पिछले तीन दिनों में हुई मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। राज्य के कई नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी पांच अक्टूबर तक राज्य के कई इलाकों में बारिश होने की संभावना है। इस दौरान गरज के साथ वज्रपात होने की भी आशंका है। इसे लेकर येलो एलर्ट जारी किया गया है।

*********समाप्त****************